विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–04 का उत्तर।

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 04(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत यूनिटी सिटी, शंकरपुरवा वार्ड प्रथम में पानी की टंकी के पास आर0सी0सी0/इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण किये जाने विषयक आपको व प्रमुख सचिव, नगर विकास को संबोधित डॉ0 नीरज बोरा, विधायक, 172–लखनऊ उत्तर प्रदेश का पत्र दिनांक 09.08.2023 को प्राप्त हुआ है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या आर0सी0सी0/ इन्टरलॉकिंग व नाली का निर्माण करा दिया गया है? | प्रश्नगत कॉलोनी प्राइवेट सोसाइटी/ कॉलोनाईजर द्वारा अनधिकृत रूप से बसायी गयी है, जिसका तलपट मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं है। ऐसी कॉलोनियों के विकास का प्रथम दायित्व संबंधित सोसाइटी/ कॉलोनाईजर का होता है। फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अपने सीमित संसाधनों से प्राथमिकता निर्धारित करते हुये समय–समय पर विकास कार्य कराये जाते है।<br>प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता तथा स्थानीय निकाय के निर्णय पर निर्भर है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

(ए.के. शर्मा)
मंत्री,
नगर विकास विभाग।



Scanned with CamScanner